# हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

04 आज दीपोत्सव पर 21 हजार दीयों से रोशन होगा...



07 दीपावली के एक दिन पहले जमकर हुआ कारोबार ....



सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर






## खबर संक्षेप

### आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 01 से 06 नवम्बर 2025 के मध्य सीहोर के चर्च ग्राउंड पर किया जाएगा। इसके तहत आयोजित गतिविधियों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 07 विधाओं जैसे भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं। सभी प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन उपरांत फार्म की प्रति खेल विभाग के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग कार्यालय चर्च ग्राउंड सीहोर पर जाकर अथवा मोबाईल नंबर 9111600215 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ग्राम सभा आयोजित करने के दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सुश्री सर्जना यादव ने ₹सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। आयोजन करने का दायित्व सरपंच तथा सचिव का रहेगा।

### रंगोली और रंग बिरंगी रोशनी से रोशन हुआ सीहोर शहर और कुबेरेश्वरधाम

# आज दीपोत्सव पर 21 हजार दीयों से रोशन होगा कुबेरेश्वरधाम
# बाजार में दिखी रौनक, जमकर हुई दीपावली की खरीदारी





### दीपावली पर्व पर बाजार को मिली रफ्तार, इलेक्ट्रानिक, कपड़ा, सराफा बाजार में जमकर हुई बिक्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दीपावली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा और 21 हजार से अधिक दीपक से मंदिर परिसर को रोशन किया जाएगा। शनिवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहाकि दीप पर्व की स्वच्छता और प्रकाश को बाहर और भीतर सदा के लिये स्थापित करना ही उत्सव है। बाहर वातावरण में स्वच्छता है, सकारात्मकता है तभी भीतर इसका समावेश हो सकता है। आज के समय में केवल द्ववार तक साफ-सफाई काफी नहीं है अब गृह नहीं ग्रह की स्वच्छता का समय है क्योंकि हम अब भी जाग्रत नहीं हुये तो प्रकृति आगे शायद दूसरा अवसर न दें। दीप पर्व एक अवसर है स्वच्छता को अंगीकार करने का, प्रकृति और पर्यावरण के साथ सद्भावपूर्ण व्यवहार का। इस बार कुछ ऐसा करे की उत्साह हमारे भीतर हो और उत्साहित प्रकृति हो, कर्म हम करें ओर उसके सुखद परिणाम धरा और गगन को मिले, दिवाली अपनी खुशियों के लिये मनायें लेकिन प्रफुल्लित वातावरण हो। इसको लेकर मंदिर परिसर में गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति और श्रद्धालुओं के द्वारा तैयारियां की जा रही है। मंदिर में यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रंग-बिरंगी रोशनी लगाई गई है। मंदिर परिसर में दीप पर्व को लेकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। शनिवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनकों समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला सहित अन्य ने भोजन प्रसादी का वितरण किया। कार्तिक माह में मंदिर परिसर में तांता लगा रहता है। छोटी दीपावली पर यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मिट्टी की कला और उससे बनाए जाने वाले दीये को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल गुरुदेव के निर्देश पर हजारों की संख्या में दीप पर्व पर श्रद्धालु आते है और दीप प्रज्वलित करते है। इस साल भी पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रुप चौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजन और भाई-दूज का आयोजन मंदिर में विशेष पूजा-पाठ से किया जाएगा। इसके अलावा भी यहां पर आगामी दिनों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी भोजनशाला मंदिर परिसर में चलाई जा रही है। जिसमें यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क रूप से भोजन का वितरण किया जाता है।

## कुबेरेश्वरधाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने दांगी परिवार ने दिए पांच पानी के टैंकर



शनिवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में छोटी दीपावली के पावन अवसर पर यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को जल उपलब्ध कराने के लिए स्वर्ण भारत बिल्डर्स एंड डेवलर्स प्राइवेट लि. सेमरादांगी सीहोर की ओर से दांगी परिवार से सनातन धर्म से प्रेरित होकर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को विठलेश सेवा समिति को पांच टैंकर प्रदान किए है। इस मौके पर समाजसेवी अनिल सिंह, राजेश सिंह और अरविन्द सिंह दांगी परिवार ने कहाकि उनकी माता श्री लंबे समय से एक लोटा जल भगवान शिव को अर्पित करती आ रही है। जिसके कारण आज उनके परिवार में एकजुटता के साथ-साथ सुख-समृद्धि का वास हो रहा है। हम सभी ने यहां पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए पानी के टैंकरों की व्यवस्था की है। इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने दांगी परिवार की इस पहल और सहयोग के लिए कहाकि पीने की पानी की समस्या भी दूर होगी। यह दान भक्तों को प्यास बुझाने के लिए साफ और ठंडा पानी उपलब्ध कराता है। इस तरह के दान से व्यक्ति को संतुष्टि और खुशी मिलती है और यह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति को पेयजल के लिए सौंपे गए टैंकरों के बारे में रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष अखिलेश मेवाड़ा ने बताया कि यहां पर गौशाला भी है, इसके अलावा गुरु पूर्णिमा, रुद्राक्ष महोत्सव, कांवड यात्रा सहित अन्य भव्य आयोजन के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। इसके लिए टैंकर प्रदान किए है। इसके अलावा उन्होंने कहाकि आगामी दिनों में पेयजल के लिए समय-समय पर टैंकरों सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए लगाया जाएगा।

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा रोशनी का पर्व दीपावली, बाजार में दिखी ग्राहकों भीड़ फूलमाला, पूजन सामग्री की दुकानें सजी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

दीपों का पर्व दीपावली आज बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्तिक अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं मा नर्मदा नदी में स्नान दानपूर्ण कर मन्दिरों में पूजा अर्चना करेंगे। वहीं शाम को शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी भगवान गणेश की पूजा अर्चना ओर आराधना करेंगे। परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करेंगे।

### घर व प्रतिष्ठान रंगोली, फूलमाला लाइट की झालरों से सजेंगे

बाजार में पूजन सामग्री और घर को सजाने वाली सामग्री खरीदने लोगों की भीड़ लगी है। तो वहीं जेपी मार्केट दुर्गा चौक, सांदीपनी स्कूल प्रांगण साज सज्जा, पूजन सामग्री की दुकानों पर रविवार को ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। बाजार में आकर्षक लाइटें ,सीरिज झालरों रंगोली की दुकानों पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों ने खरीददारी की। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी ग्रामीण बाज़ार में दीपावली पर उपयोग होने वाली सामग्री खरीदने पहुंचे। आज घरों ओर प्रतिष्ठानों को फूलमाला लाइट की झालरों से सजाएंगे और रंगोली बनाई जाएंगी।

इस दौरान पर्व को देखते हुए भैरुंदा पुलिस भी तैनात रही सुरक्षा व्यवस्था व यातायात बनाए रखने के लिए बाजारों में पुलिसकर्मी की ड्युटी लगाई गई।

### ग्राहकों किया जागरूक

दीपावली पर्व की स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ की मुहिम देखने को मिली इस दौरान युवाओं ने वीडियो बनाकर अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए यह संदेश दिया कि ऑनलाइन से खरीदी बंध करें और बाजारों में लगी दुकानों से ही खरीदी करे। दुकानदारों से खरीदी करने से उनकी व उनके परिवारों की दीपावली अच्छी बन सके। स्वदेशी अपनाए, देश बचाए के संदेश के साथ ही गरीब की मदद करे, जिससे उनकी दीपावली धूमधाम से मनाने में मदद करे।

### बाजारों में रही रौनक मिट्टी व गोबर के दीपक की हुई विक्री

रविवार के दिन बाजारों ने ग्राहकों की रौनक रही। जहां लोगों ने पूजन सामग्री साज सज्जा रंगोली के रंग, पटाखों , माता लक्ष्मी संघ भगवान श्रीगणेश फ़ोटो, मूर्तियां, मिट्टी एवं गोबर से बने दीपक भी खरीदे। मिट्टी से बने दीयों का धार्मिक महत्व हिंदू परंपरा में मान्यता है कि मिट्टी का दीपक जलाने से घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है. मिट्टी को मंगल ग्रह का प्रतीक माना जाता है. मंगल साहस, पराक्रम में वृद्धि करता है और तेल को शनि का प्रतीक माना जाता है. शनि को न्याय और भाग्य का देवता कहा जाता है. मिट्टी का दीपक जलाने से मंगल और शनि की कृपा प्राप्त होती है. जो मन की शांति एक मिट्टी के दिये से मिलती हैं वह आज की रंग- बिरंगी रोशनी से कदापि नहीं मिल सकती।

# एमपीपीएससी परीक्षा पास कर कृषक पुत्र भैयालाल मीणा बने अर्थशास्त्र संकाय के असि. प्रोफेसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




श्यामपुर तहसील के छोटे से गांव घाट पलासी में कृषक स्वर्गीय छोटेराम मीणा के सुपुत्र भैयालाल मीणा ने पिताजी की आकस्मिक मृत्यु हो हाने पर पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ वर्ष 2021 में स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च माध्यमिक शिक्षक परीक्षा घर पर अध्ययन करके उत्तीर्ण की।

वर्तमान में शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ है। इसके साथ ही 2022 की एमपीपीएससी असि. प्रोफेसर परीक्षा भी उन्होंने घर पर ही अध्ययन करते हुए 73 वां स्थान प्राप्त कर सफलता हासिल की। उनकी सफलता पर उनके परिजनों, मित्रगणों सहित ग्रामीणजनों सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर है। सभी ने उनको इस उपलब्धी पर बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की है। एमपीपीएससी असि. प्रोफेसर परीक्षा पास करने वाले भैयालाल मीणा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय पिता-माता एवं गुरुजनों को देते हुए बताया कि मेरे स्वर्गीय पिता एंव माताजी ने कड़ी मेहनत कर मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया, मेरी इस सफलता में गुरुजनों की भी अहम भूमिका रही।












## खबर संक्षेप

### जरूरतमंदों के बीच किया सामग्री का वितरण



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने शहर के इंदरा नगर बस्ती में पहुंचकर दीपावली के पर्व पर बधाई के साथ सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर बच्चों को आतिशबाजी प्रदान करते हुए दीप पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से सामग्री लेने की अपील की। दीपावली पर ऑनलाइन खरीदारी न करके स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं, जिससे स्थानीय कारीगरों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस त्योहारी सीजन में, आप पारंपरिक मिट्टी के दीये, सजावटी सामान और अन्य उपहार स्वदेशी वस्तुओं से खरीद सकते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी पूरा करेंगे। क्षेत्रवासियों को दीपावली की बधाई संदेश देते हुए कहाकि दीपावली का पर्व प्रकाश का पर्व है। भारतीय अर्थव्यवस्था में त्योहारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इन त्योहारों में हर समाज और उनके द्वारा निर्मित्त होने वाली वस्तुओं का महत्व होता है।

### 24 अक्टूबर तक बढ़ाई चयन परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथी

**सीहोर।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए संचालित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा जो कि कक्षा 09 वी और कक्षा 11 वी की कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिये आयोजित की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई थी। इस तिथि को अब बढ़ाकर 24 अक्टूबर 2025 कर दिया गया है। विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन कक्षा 11 वी के लिए पोर्टल https.//cbseitms.nic.in/2025/nvsxi 11/ तथा कक्षा 09 वीं के लिये पोर्टल https://cbseitms.nic.in/2025/nvslx 9/ पर करा सकते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थी 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक अपने रजिस्ट्रेशन में वेबसाइट पर जाकर सुधार भी कर सकते हैं।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**सीहोर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत युवा, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी एवं एनएसएस के सदस्य आदि ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीयन लिंक https://mybharat.gov.in/ है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है। युवा अपने पंजीयन के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### बाजार में छाई रौनक, दुल्हन की तरह सजी दुकानें, जमकर हुई खरीदी

# दीपावली के एक दिन पहले जमकर हुआ कारोबार इलेक्ट्रॉनिक सराफा बाजार, कपड़ा मार्केट और पशु बाजार में रही भीड़






धनतेरस पर जहां दिन भर बाजार में भीड़ रही थी तो वहीं इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल से लेकर ,कपड़ा बाजार तक सभी क्षेत्र में रौनक थी अच्छा कारोबार के चलते दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सामान्यता रविवार को छुट्टी के दिन शहर के बाजार सुनसान रहते हैं लेकिन आज धनतेरस की एक दिन बाद भी बाजार गुलजार है शहर के सराफा बाजार, इलेक्ट्रॉनिक, किराना ,कपड़ा बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में रौनक रही मिठाई, कपड़े ,पटाखे, सजावटी सामान और दीपक की दुकानों पर लोग की भीड़ नजर आई बच्चों में पटाखे और खिलौनों को लेकर उत्साह देखा गया वहीं महिलाओं ने सजावट पूजन सामग्री बर्तन इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदी की। बता दे की धनतेरस के साथ ही शनिवार से पांच दिवसीय दीपावली महापर्व शुरू हो गया है धनतेरस पर जहां दिन भर बाजार में भीड़ रही थी तो वहीं इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल से लेकर ,कपड़ा बाजार तक सभी क्षेत्र में रौनक थी अच्छा कारोबार के चलते दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए नजर आए।

#### सजावटी सामग्री की भी जमकर बिक्री

शहर के कन्नौद रोड, भोपाल नाका ,पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, बुधवारा,बड़ा बाजार हर मार्ग पर दिवाली के लिए सजावटी सामग्री पूजन सामग्री ,माता की प्रतिमाओं की दुकानें सजी हुई नजर आई है जहां पर दिनभर लोग खरीदारी के लिए पहुंचे।


#### बाजार में जमकर हुई बिक्री

शहर के इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर बाजार में भी रौनक नजर आई दामों में कमी व ऑफर से के चलते लोगों ने शुभ मुहूर्त में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पर जाकर एलइडी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन ,मोबाइल सहित अन्य उपकरणों की खरीदी की साथ ही घर और दुकानों के लिए फर्नीचर भी लोगों ने खूब खरीदा।

#### 3 साल बाद बाजार में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री

सराफा के व्यापारी कैलाश सोनी दादा , अक्षिता सोनी ने बताया कि इस बार सराफा बाजार के साथ ही अन्य बाजारों में भी जमकर बिक्री हुई दो पहिया और चार पहिया वाहन भी जमकर बाइक 3 साल बाद बाजार में उठाव आया है। बर्तन व्यापारी पंकज नाकोड़ा ने बताया कि इस बार बर्तनों की अच्छी बिक्री हुई पूरे बाजार में रौनक है।



#### स्वदेशी सामान खरीद कर वोकल फॉर लोकल का दिया संदेश



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाएं जा रहे आत्म निर्भर भारत, संकल्प अभियान के अंतर्गत धनतेरस एवं दीपावली के पावन पर्व पर "वोकल फॉर लोकल" अभियान को बढ़ावा देने एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर दीपावली की खरीददारी करने स्थानीय बाजार पहुचे । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर के मुख्य बड़ा बाजार में पहुच कर आज स्थानीय लोगो द्वारा कड़ी मेहनत से बनाये गये मिट्टी के दिए,दीपावली पर घरों के बहार बहु बेटियों द्वारा बनाई जाने वाली रंगबिरंगी रंगोली के लिये रांगोली के रंग,लक्ष्मी पूजन की सामग्री,पूजन में रखी जाने वाली साल की धानी व अन्य आवश्यकता की वस्तुएं सभी स्वदेशी खरीदी । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने खरीददारी के दौरान व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर पहुच कर सभी व्यापारियों को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रतिष्ठानों पर पहुचने पर व्यापारियों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान किया। खरीददारी एवं भ्रमण के दौरान जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती,नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया नगर भाजपा के मोहित सोनी,मनोज ताम्रकार,सौरभ जैन,अवनीश पिपलोदिया,प्रवेश शर्मा,अनिल धनगर,राजेंद्र जायसवाल,शुभम जैन,तरुण नागोरी,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे ।इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करने से हमारे जो स्थानीय व्यापारी कारीगरो का व्यापार होगा,उनको आर्थिक लाभ होगा उनको उनके व्यापार को लेकर प्रोत्साहन प्राप्त होगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगरवासियों,क्षेत्रवासियों से निवेदन किया दीपावली की खरीददारी करने जब भी वे बाजार जाये तब मिट्टी के दीपक, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री एवं अन्य स्वदेशी उत्पादों को ही खरीदे।

#### विदेशी छोड़ स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं: रायसिंह मेवाड़ा



हमें अपने देश में बने उत्पादों का उपयोग करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए, ताकि हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर बढ़ सकें। इस पहल का लक्ष्य स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा देना है, जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रोजगार के नए अवसर पैदा हों। इसका मतलब सिर्फ स्वदेशी वस्तुओं को खरीदना ही नहीं, बल्कि गर्व से उनका प्रचार करना भी है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने दीपावली के शुभ अवसर पर बाजार मे सजी दुकानों पर पहुंचकर वहां खरीददारी करने आये ग्राहकों एवं दूकानदारो से चर्चा करते हुवे व्यक्त किए. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने अपने साथियों के साथ भाऊबाबा स्थित बाजार, बुधवारा बाजार मे भ्रमण कर लोकल फॉर वोकल अभियान के तहत नागरिको से सतत संपर्क करते हुवे विदेशी वस्तुओ का विरोध कर स्वदेशी वस्तुओ को अपनाने की अपील की. श्री मेवाड़ा ने कहा कि कोरोना संकट के बीच हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा लोकल के लिए वोकल का नारा भी दिया गया था। इस नारे का अर्थ है कि न केवल देश में बने उत्पादों को उपयोग में लाए, बल्कि अपने स्तर पर उनका प्रचार-प्रसार भी किया जाए जिससे अधिकाधिक लोगों में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को लेकर जागरूकता आए। हमारे नगर के छोटे मजदूर वर्ग उद्यमी जो वर्ष भर मेहनत कर इस पर्व का इंतजार करते हैं और आप हम सबके लिए तरह-तरह की आकृति वाली सामग्रियों का निर्माण करते हैं ऐसे में उम्मीद बनाएं व्यापारियों की सामग्री की खरीदारी हम नहीं करेंगे तो उनकी मेहनत फल रहेगी आप सभी ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाये. इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, युवा व्यवसायी चेतन छाजेड़, नीलिमा बैरागी, शुभम जैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पटाखा बाजार का निरीक्षण कर दिए सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश




**सीहोर।** दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सीहोर स्थित बीएसआई ग्राउंड पहुंचकर पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं पटाखा विक्रेताओं से बातचीत की और बाजार में सुरक्षा, अग्निशमन एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित तैयारियों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार में अग्निशमन यंत्र, पानी के टैंकर, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की योजना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दुकान में निर्धारित मात्रा से अधिक पटाखे न रखे जाएं और दुकानों के बीच उचित दूरी रखी जाए, ताकि सुरक्षा के मानकों का पूर्ण पालन हो सके। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि दीपावली के अवसर पर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और बाजार का संचालन व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से सुनिश्चित करें। एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि बाजार परिसर में सुरक्षा गश्त जारी रखी जाए। इसके साथ ही बाजार में आवागमन की व्यवस्था सुचारू बनी रहे, इसके लिए सभी पुलिसबल के जवान पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करें।

## बारह खंभा मेला की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर और एसपी ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर के ग्राम देवपुरा में आगामी 22 अक्टूबर को आयोजित होने वाला बारह खंबा मेला क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है। इस मेले में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है।

मेले में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर शबालागुरु के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मेले के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री बालागुरु के. एवं एसपी श्री शुक्ला ने मंदिर परिसर तथा बारह खंभा मेला स्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कहा कि मेले में लगने वाले झूलों की मजबूती की जांच पहले ही कर ली जाए ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने मेला क्षेत्र में यातायात प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं और अन्य आवश्यक सुविधाओं की सुचारू व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती की जाए और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मां जगदंबा की पांच रात्रि का दिव्य महोत्सव भव्य नगर भ्रमण यात्रा के साथ संपन्न

# फूलों से सजाया मंदिर प्रांगण, मां का किया अलौकिक श्रृंगार







हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

गिगलाखेड़ी ग्राम स्थित मां जगदंबा मंदिर प्रांगण में पाँच रात्रि तक चला यह दिव्य गरबा, श्रृंगार और सांस्कृतिक महोत्सव माँ की अपार कृपा और भक्तों की अनुपम श्रद्धा से भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। हर रात्रि मंदिर प्रांगण दिव्य ज्योति, सुगंधित पुष्पों और माँ के अलौकिक श्रृंगार से आलोकित होता रहा। मां के अष्टभुजा रूप, राजराजेश्वरी श्रृंगार, चाँदी-सोने के आभूषणों, और सुगंधित गजरे की सजावट ने भक्तों का मन मोह लिया। गरबा स्थल पर ढोल-नगाड़ों की गूँज, शंख-ध्वनि, और जय माँ जगदंबा के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र देवी भक्ति में डूब गया। श्रद्धालुओं ने माँ के चरणों में नृत्य करते हुए अपने भाव समर्पित किए। चारों ओर केवल भक्ति, उल्लास और प्रकाश की लहरें दिखाई दीं अंतिम दिवस का भव्य नगर भ्रमण (शोभायात्रा) पूरे गिगलाखेड़ी में दिव्यता का उत्सव बन गया।सजी-धजी झांकियाँ, माँ की पालकी पर पुष्प वर्षा, भक्ति गीतों की धुनें और हज़ारों श्रद्धालुओं का उत्साह मानो स्वयं देवी मां नगर भ्रमण कर रही हों नगर भ्रमण के दौरान गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा, शंखनाद, और दीप्तिमान आरतियों ने सबको भावविभोर कर दिया।


आयोजित हुए कार्यक्रम का समापन माँ जगदंबा की महाआरती और विशाल प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरा ग्राम मां की कृपा से आलोकित और पवित्र ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा इस भव्य आयोजन में गिगलाखेड़ी के सभी श्रद्धालुओं, भक्तगणों एवं सहयोगी मंडलों ने मिलकर माँ के दरबार में जो समर्पण और सेवा भाव दिखाया, वह निश्चय ही अनुकरणीय है।

गिगलाखेड़ी मां जगदंबा गरबा मंडल परिवार की ओर से सभी भक्तों, सहयोगियों, मातृशक्तियों एवं युवाओं का हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। उक्त जानकारी धीरजसिंह ठाकुर ने दी।


सभी क्षेत्र वासियों को
दीपोत्सव पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दीपावली
मनीष धारवां
युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष


श्री गणेश किराना स्टोर्स
सभी किराना सामान के थोक एवं फुटकर विक्रेता
समस्त जिले वासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित मेवाड़ा
सतीश मेवाड़ा
टॉकीज चौराहा कन्नौद रोड आष्टा, मो. 9893011426, 9752523592


हरिओम रेस्टोरेंट
शुभ दिवाली
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
पता: इंदौर-भोपाल बायपास रोड़ मो. 9713865491


साई स्टोन क्रेशन एंड कंस्ट्रक्शन
शुभ दीपावली
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
तेज सिंह ठाकुर


अवंतिका रेस्टोरेंट
की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन प्रजापति, संचालक


HINDUJA COLLEGE
नर्सिंग कोर्स एवं पैरामेडिकल कोर्स
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम रिछाड़िया, देवनखेड़ी रोड, मां दयालू वेयर हाउस के पास
कन्नौद रोड आष्टा जिला सीहोर 8770807500, 7828405135


सूर्या हॉस्पिटल
सूर्या हॉस्पिटल
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
इंदौर-भोपाल मार्ग, शनि मंदिर के पास आष्टा


एप्पल हॉस्पिटल
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
इंदौर-भोपाल मार्ग, दरगाह के पास आष्टा


दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
शुभ दिवाली
गोपाल सिंह इंजीनियर
विधायक
श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा
अध्यक्ष, नपा आष्टा
श्रीमती अंजनी चौरसिया
अध्यक्ष, भाजपा नगर मंडल
मा. रायसिंह मेवाड़ा
नपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता
मोहित सोनी
भाजपा नेता
सौरभ शीतल
भाजपा नेता
विशाल चौरसिया
भाजपा नेता
उत्थान धारवां
भाजपा नेता
रूपेश राठौर
भाजपा नेता


शुभ दीपावली
दीप जगमगाते रहें सबके घर झिलमिलाते रहें.
साथ हों सब अपने, सब यूं ही मुस्कुराते रहें...
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेंद्र राठौर, समाजसेवी